**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4813**

**जिसका उत्तर 31 मार्च, 2022 को दिया जाना है।**

**.....**

**हरियाणा में जल संकट**

**4813. श्री धर्मवीर सिंह:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हरियाणा राज्य में चिह्नित किए गए जल संकटग्रस्त जिलों/ब्लॉकों का ब्यौरा क्या है;

(ख) जल शक्ति अभियान (जेएसए) के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ग) हरियाणा राज्य में जेएसए के तहत चिह्नित किए गए ब्लॉकों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या यह सच है कि हरियाणा राज्य में ब्लॉक स्तर पर जल संरक्षण योजनाएं तैयार की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडू)**

**(क):** देश में गतिशील भूजल संसाधनों का केन्द्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) और राज्य सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से आकलन किया गया है। वर्ष 2020 के आकलन के अनुसार, कुल 141 आकलन यूनिटों (ब्लॉक) में से हरियाणा में, 85 ब्लॉक को 'अति-दोहित', 12 ब्लॉक को 'संकटमय' और 14 ब्लॉक को 'अर्ध-संकटमय' के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसका विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

**(ख):** जल शक्ति अभियान-I (जेएसए-I) को देश के 256 जल की कमी वाले जिलों के 2836 ब्लॉक में से 1592 ब्लॉक में वर्ष 2019 में पांच लक्षित कार्यकलापों जैसे, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन, पारंपरिक और अन्य जल निकायों/टैंकों के पुनरूद्धार, बोरवेल के पुन: उपयोग और पुनर्भरण, वॉटरशेड विकास और सघन वनीकरण के संवर्धित क्रियान्वयन पर ध्यान केन्द्रित कर जल संरक्षण और जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए निष्पादित किया गया था।

"जल शक्ति अभियान:कैच द रेन" जेएसए:सीटीआर को पांच केन्द्रित कार्यकलापों-(1) वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण (2) सभी जल निकायों की गणना, जिओ-टैगिंग और सूची तैयार करना, जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजना तैयार करना (3) सभी जिलों में जल शक्ति केन्द्रों की स्थापना करना (4) सघन वनीकरण और (5) जागरूकता फैलाने, के साथ देश के सभी जिलों (शहरी और ग्रामीण) में वर्ष 2021 में क्रियान्वित किया गया था।

**(ग):** हरियाणा में जेएसए 2019 में 19 जिलों में 81 ब्लॉकों को शामिल किया गया था जबकि, जेएसए:सीटीआर 2021 में सभी 22 जिलों के 143 ब्लॉकों को कवर किया गया था। जेएसए 2019 में शामिल सभी ब्लॉकों का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

**(घ):** हरियाणा सरकार ने सूचित किया है कि हरियाणा के सभी जिलों के लिए जिला स्तर पर जल संरक्षण योजनाओं को तैयार कर लिया गया है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**'हरियाणा में जल संकट' के सम्बन्ध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4813 जिसका उत्तर 31 मार्च, 2022 को दिया जाना है के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**हरियाणा राज्य में जल की कमी वाले जिलों/ चिन्हित ब्लॉक का विवरण**

| क्र. स. | जिला | अति-दोहित | संकटमय | अर्ध संकटमय | सुरक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंबाला | बराडा, नारायणगढ़, साहस | शहजादपुर, अंबाला-I | अंबाला-II | - |
| 2. | भिवानी | बहल, कैरू, लोहारू, तोशाम | - | भिवानी, बवानी खेड़ा | सिवानी |
| 3. | चरखी दादरी | बधरा, झोजू | - | - | बौंद, चरखी दादरी |
| 4. | फरीदाबाद | बल्लभगढ़, फरीदाबाद, तिगांव | - | - | - |
| 5. | फतेहाबाद | फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, जाखल, भट्टू कलां, नागपुर | भुना | - | - |
| 6. | गुरुग्राम | फारुखनगर, पटौदी, सोहना, गुरुग्राम | | | |
| 7. | हिसार | बरवाला, नारनौंद | अग्रोहा, आदमपुर | हांसी, हिसार-I, हिसार-II, | हांसी-II, उक्लाना |
| 8. | झज्जर | | - | बादली | झज्जर, मतनहैलसा ल्हवास, बेरी, बहादुरगढ़, मछरौली |
| 9. | जींद | अलेवा, उचाना, उझाना, सफीदों, जींद | - | पिलुखेड़ा | जुलाना, नरवाना |
| 10. | कैथल | सीवन, गुल्हा, कैथल, कलायत, पुंडरी, राजौंद, ढांड, | - | - | - |
| 11. | करनाल | असंध, घरौंदा करनाल निलोखेड़ी, चिराव पर नसिंग, मुनक, कुंजपुरा | - | इंद्री | - |
| 12. | कुरुक्षेत्र | इस्माइलाबाद, बबैन, लाडवा, पेहोवा, शाहबाद, थानेसर, पिपली | - | - | - |
| 13. | एम.गढ़ | कनीना, महेंद्रगढ़, सिम्हा | अटेली नांगल | सतनाली | नारनौल, नांगल, चौधरी, निज़ामपुर |
| 14. | मेवात | तौरू | फिरोजपुर झिरखा, पुनाहना | इंद्री | नगीना, नूह, पिनगांव |
| 15. | पलवल | बडोली, पृथला | हसनपुर | होडल | हथिन |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16. | पंचकुला | - | रायपुर रानी | - | पिंजौर, बरवाला |
| 17. | पानीपत | बपोली, इसराना, मडलौडा, पानीपत, समालखा, सोनाली खुर्द | - | - | - |
| 18. | रेवाड़ी | खोल, रेवाड़ी, नाहर, धारूहेड़ा, जाटुसाना, बावल | दहिना | - | - |
| 19. | रोहतक | | - | - | लाखन माजरा, महम, कलनौर, सांपला, रोहतक |
| 20. | सिरसा | रानिया, सिरसा, नथुसारी चोपटा, ओडां, डबवाली, एलेनाबाद | - | बारागुडा, | - |
| 21. | सोनीपत | गन्नौर, सोनीपत, राई, मुरथल, मुडलाना | - | - | गोहाना, कथुरा, खरखोदा |
| 22. | यमुनानगर | छछरौली, जगाधरी, मुस्तफाबाद, खिजराबाद, रादौर, बिलासपुर | सढ़ौरा | - | - |
| | कुल राज्य | **85** | **12** | **14** | **30** |

****

अनुलग्नक-II

'हरियाणा में जल संकट' के सम्बन्ध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4813 जिसका उत्तर 31 मार्च, 2022 को दिया जाना है के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

**हरियाणा में जल शक्ति अभियान 2019 के अंतर्गत चिन्हित ब्लॉक का विवरण**

| क्र. सं. | जिला | शामिल ब्लॉक की संख्या | ब्लॉक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | अंबाला | 4 | शहजादपुर, बराडा, नारायणगढ़, सहस |
| 2. | भिवानी | 4 | बहल, कैरू, लोहारू, तोशाम |
| 3. | चरखी दादरी | 2 | बधरा, झोझू |
| 4. | फरीदाबाद | 2 | बल्लभगढ़, फरीदाबाद |
| 5. | फतेहाबाद | 6 | भूना, भट्टुकलां, फतेहाबाद, जाखल, रतिया, टोहाना |
| 6. | गुरुग्राम | 4 | फारुख नगर, गुडगाँव, पटौदी, सोहना |
| 7. | हिसार | 4 | बरवाला, आदमपुर, नारनौंद, अग्रोहा |
| 8. | जींद | 5 | अलेवा, जींद, सफीदों, उचाना, उझाना |
| 9. | करनाल | 5 | असंध, घरौंदा (भाग), करनाल, निलोखेड़ी, चिराव पर नसिंग |
| 10. | कैथल | 7 | ढांड, गुहला, कैथल, कलायत, पुंडरी, राजौंद, सीवन |
| 11. | कुरुक्षेत्र | 7 | बबैन, इस्माइलाबाद, लाडवा, पेहोवा, पिपली, शाहबाद, थानेसार |
| 12. | महेंद्रगढ़ | 2 | कनीना, महेंद्रगढ़ |
| 13. | मेवात | 2 | पुनाहना, ताउडू |
| 14. | पलवल | 4 | हसनपुर, पलवल, हथीन, होडल |
| 15. | पानीपत | 5 | बपोली, इसराना, मडलौडा, पानीपत, समालखा |
| 16. | रेवाड़ी | 3 | रेवाड़ी पर खोल, नाहर, रेवाड़ी |
| 17. | सिरसा | 7 | बारागुढा, डबवाली, एलेनाबाद, नाथूसरी चोपटा, ओडां, रानियां, सिरसा |
| 18. | सोनीपत | 3 | गन्नौर, राई, सोनीपत |
| 19. | यमुना नगर | 5 | छछरौली, जगाधरी, खिजराबाद, मुस्तफाबाद, रादौर |

******